लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2961
10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम-मित्र वस्त्र पार्क

2961. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
डॉ. विनोद कुमार बिंद:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित पीएम-मित्र वस्त्र पार्क कार्यशील बना दिए गए हैं या उनका कार्यान्वयन आरंभ हो गया है;

(ख) यदि हां, तो भूमि चिन्हित करना, निधि जारी करना, निवेश का आना और रोजगार सृजन सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (ग): केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 में, माननीया वित्त मंत्री द्वारा तकनीकी वस्त्रों में मूल्य संवर्धन लाने पर ध्यान देने के साथ-साथ चुनौती मोड में मेगा वस्त्र पार्कों की स्थापना के संबंध में घोषणा की गई थी।

योजना की जल्द मंज़ूरी और शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ परामर्श करने की प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है। मंत्रालय द्वारा पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और मूल्यांकन मापदंडों पर चर्चा करने के लिए एक जॉइंट वर्किंग ग्रुप भी गठित किया गया है।

*****